सं०–03 / परी०–B.T.S.C.-79 / 2020 699 / 11.06.2021

बिहार सरकार

# बिहार तकनीकी सेवा आयोग

**19, हार्डिंग रोड, पटना।**

## आवश्यक सूचना

**विज्ञापन सं०–01 / 2019**

विज्ञापन सं०–01 / 2019, अन्तर्गत कनीय अभियंता (असैनिक, यांत्रिक एवं विद्युत) के पद पर नियुक्ति हेतु काउन्सिलिंग में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों का प्राप्तांक उनके नाम एवं रजिस्ट्रेशन नम्बर के साथ आयोग के वेबसाईट –www.btsc.bih.nic पर आपत्ति दर्ज करने (यदि हो तो) एवं यांत्रिक तथा विद्युत संवर्ग के अभ्यर्थियों से विभाग आवंटन हेतु भी विकल्प चयन हेतु डाला जा रहा है।

अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं मोबाईल नम्बर डालकर दर्शायी गई सभी विवरणी यथा, नाम, पिता / पति का नाम, जन्म तिथि, लिंग, कोटि, प्राप्तांक आदि देखकर संतुष्ट हो लें। किसी प्रकार का कोई त्रुटि होने पर अथवा प्राप्तांक से असंतुष्ट / असहमत होने पर अपना आपत्ति कारण सहित **दिनांक–14.06.2021 से दिनांक–19.06.2021** तक आयोग के वेबसाईट पर Raise Objection बटन पर Click करके दर्ज कर सकते है।

**कनीय अभियंता (विद्युत)** एवं **कनीय अभियंता (यांत्रिक)** अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन में विभाग आवंटन हेतु विकल्प नहीं लिया गया था। अतः कनीय अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिक) के सभी अभ्यर्थी आवश्यक रूप से वरीयता क्रम में विभागों के विकल्प का चयन Drop Down बॉक्स के माध्यम से करेंगें एवं वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा उक्त अवधि में विभाग का विकल्प नहीं दिया जायेगा, को विभाग आवंटन करने हेतु आयोग स्वतंत्र होगा। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आपत्ति अथवा विभागों का विकल्प मान्य नहीं होगा।

**नोटः– 1. प्राप्त आपत्ति के पश्चात् सभी अभ्यर्थियों के अकों की पुनः जाँच की जाएगी एवं जाचोपरान्त मेधा सूची प्रकाशित की जा सकेगी।**

**2. संलग्न सूची मात्र अभ्यर्थियों के प्राप्तांको की जाँच हेतु अपलोड की गयी है। इसे चयन सूची अथवा मेधा सूची नहीं समझा जाय।**

11.6.2021

प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।